नवा रायपुर में विकसित होगा देश का सबसे बड़ा थोक बाज़ार

चर्चा में क्यों?

5 जुलाई, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के निवास कार्यालय में आयोजित नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक में बताया गया कि नवा रायपुर में देश का सबसे बड़ा थोक बाज़ार विकसित होगा। लगभग 438.47 हेक्टेयर में प्रस्तावित थोक बाजार का निर्माण सेक्टर 27 में किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- नवा रायपुर में बनने वाले देश के सबसे बड़े थोक बाज़ार का निर्माण नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) द्वारा किया जाएगा। यहाँ छोटे-बड़े सभी व्यापारियों के लिये आधारभूत ज़रूरी सुविधाएँ होंगी।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एनआरडीए के अधिकारियों से कहा है कि इस थोक बाज़ार की कार्ययोजना को इस तरह से अमलीजामा पहनाएँ ताकि देश का यह सबसे बड़ा थोक बाज़ार छोटे-बड़े सभी व्यापारियों की ज़रूरत पूरा कर सके और यहाँ व्यापारिक और वाणिज्यिक गतिविधियों का तीव्र विस्तार हो सके।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैठक में नागरिक सेवाओं एवं ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने 'मितान योजना' के क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शासकीय योजनाओं की डिलीवरी बिना कार्यालय पहुँचे तथा शीघ्रता से नागरिकों को मिल पा रही है।
- गौरतलब है कि 'मितान योजना' पहले राज्य के नगर निगम क्षेत्रों में लागू थी। अब इसका विस्तार नगर पालिका क्षेत्रों में किया गया है।
- बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा आवेदन बच्चों के आधार-कार्ड से संबंधित हैं। 'मितान योजना' अंतर्गत अब तक प्रदेश के नगर निगमों के 1 लाख 03 हज़ार 315 हितग्राहियों के विभिन्न दस्तावेज़ तैयार कर डोर स्टेप डिलीवरी की गई है।
- बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिये मितान को सबसे अधिक फोन आते हैं और यह सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। साथ ही जाति और आय प्रमाणपत्र भी काफी बने हैं। अधिकारियों ने बताया कि फोन कॉल के साथ ही एप के माध्यम से मितान योजना की सेवा शीघ्र ही दी जाएगी।
- मुख्यमंत्री ने शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा में कहा धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स बेहतर लोकेशन में खोले जाएँ। उन्होंने इस मौके पर 'स्लम स्वास्थ्य योजना' की समीक्षा की और लगातार हेल्थ कैंप आयोजित करने के निर्देश दिये।
- बैठक में अधिकारियों ने बताया कि धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स के माध्यम से अब तक 132 करोड़ रुपए की बचत हितग्राहियों को हुई है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से इन मेडिकल स्टोरों का लोकेशन भी बेहतर किया जा रहा है। मेडिकल स्टोर के माध्यम से मिलने वाले लाभ के बारे में एसएमएस के माध्यम से अधिकाधिक लोगों को जानकारी दिये जाने के प्रयासों पर काम हो रहा है।
- मुख्यमंत्री ने 'महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा)' की समीक्षा में कहा कि सभी उत्पादों की ऑनलाइन आपूर्ति की व्यवस्था हो, सी-मार्ट में इनकी उपलब्धता हो।
- उन्होंने कहा कि रीपा में अनेकों तरह की गतिविधियाँ हो रही हैं। बेकरी एवं खाद्य उत्पाद, मिलेट, परिधान, निर्माण आदि क्षेत्रों में अच्छा काम हो रहा है और उद्यमी आगे आ रहे हैं। शासकीय भवनों में रंग-रोगन के लिये गोबर पेंट का उपयोग हो रहा है। निजी क्षेत्रों में भी इसकी बिक्री बढ़ाई जाए।
- रीपा के समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 90 प्रतिशत रीपा में वाई-फाई सुविधा उपलब्ध है। 300 रीपा में से 270 रीपा में वाई-फाई से डिजिटल कनेक्टीविटी अच्छी होने के कारण युवा भी इसका लाभ उठा रहे हैं। साथ ही वाई-फाई युक्त 12 रीपा केंद्रों में रेस्टोरेंट का भी बेहतर संचालन हो रहा है।
- इस मौके पर अधिकारियों ने बताया कि संभाग स्तरीय मिलेट कार्निवाल के लिये योजना तैयार हो रही है। गोबर पेंट के उपभोक्ताओं से भी फीडबैक लिये जा रहे हैं। चूँकि ग्रामीण विकास मंत्रालय का संस्था से अनुबंध है, अतएव तकनीकी सहायता वहाँ से भी मिल सकेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/country-s-largest-wholesale-market-will-be-developed-in-nava-raipur